*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

ज्ञान शांति मैत्री

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

## हिंदी विश्वविद्यालय में बनेगी फीचर फिल्म

## विद्यार्थियों को बालीवूड से जुड़ने का मिलेगा मौका

वर्धा दि. 14 मार्च 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में इस वर्ष अंत तक एक फीचर फिल्म बनाने का आश्वासन मुंबई की रिएलिस्टिक फिल्म कंपनी ने दिया है। हाल ही में मराठी फीचर फिल्म 'वृंदावन' के प्रचार को लेकर विश्वविद्यालय में 'फिल्म में करियर' विषय पर एक



कार्यशाला का आयोजन किया गया था जिसमें रिएलिस्टिक फिल्म कंपनी के प्रोडक्शन हेड अमन प्रीत सिंह ने विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं विद्यार्थियों के साथ चर्चा में कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को सीधे बालीवूड से जोड़ने के लिए हम विद्यार्थियों को लेकर एक फिल्म बनाना चाहते है। यह योजना इस वर्ष के अंत तक पूरी करने की बात उन्होंने कही। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां फिल्म एवं नाट्य का उच्चस्तरीय अध्ययन होता है और यहां से अनेक विद्यार्थी नाटक और फिल्म के क्षेत्र में सीधे पहूंच रख सकते हैं, ऐसे में विदर्भ क्षेत्र के लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी कुछ चयनीत विद्यार्थियों को रिएलिस्टिक फिल्म कंपनी के काम करने का मौका देगी। उन्होंने बताया कि मुंबई की ही '24 केरेट इवेंट मार्केटिंग एण्ड पीआर' कंपनी जनसंपर्क के क्षेत्र में विद्यार्थियों को इंटर्नशीप के लिए आमंत्रित करेगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विषय को लेकर प्रस्तुतियां भी दी।



कार्यशाला में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अनिल कुमार राय, प्रदर्शनकारी कला विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा, सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पावड़े, जनसंचार विभाग प्लेसमेंट सेल के प्रमुख सहायक प्रोफेसर राजेश लेहकपुरे, जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे, सहायक प्रोफेसर सुरभि, अश्विनी कुमार, हिमांशु नारायण सहीत जनसंचार, प्रदर्शनकारी कला तथा अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।